तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी


मुरादनगर, गाज़ियाबाद 201206

01232-298808|https://muradnagar.kvs.ac.in


## समाचार पत्र 2021-22

## अक्टूबर - दिसंबर 2021

श्री धर्मेन्द्र प्रधान
शिक्षा मंत्री

Ms. निधी पांडे
आयुक्त केवीएस

श्री चन्द्रशेखर आजाद
उपायुक्त केवीएस आगरा संभाग

श्री एम. एल मिश्रा
सहायक आयुक्त
केवीएस आगरा संभाग

श्री टी. के. पण्डा
(महा-प्रबंधक एव अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति) महाप्रबंधक

श्री पवन जीत सिंह
नामित अधयक्ष विद्यालय
प्रबंधन समिति




श्री विजय पाल सिंह
प्राचार्य

टी. के. पण्डा, भा.आ.नि.से.
महाप्रबन्धक

T. K. PANDA, I.O.F.S.
GENERAL MANAGER

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय,
आयुध निर्माणी बोर्ड,
आयुध निर्माणी,
मुरादनगर-201 206
जिला-गाजियाबाद (उ.प्र.)

Government of India,
Ministry of Defence,
Ordnance Factory Board,
Ordnance Factory,
Muradnagar - 201206
Distt.: Ghaziabad (U.P.)

## संदेश

हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, आयुध निर्माणी इस्टेट, मुरादनगर इस वर्ष विद्यार्थियों के लिए ''ई- समाचार पत्र 2021-22'' का प्रकाशन कर रहा है।

समाचार पत्र में विद्यालय में चल रही गतिविधियों को स्थान प्राप्त होता है जिससे छात्र लाभान्वित होते हैं। उनमें प्रतिस्पर्धा का भाव विकसित होता है तथा रचनात्मक गुणों का विकास होता है। आज अधिकतर कार्य ऑन-लाइन ही किए जा रहे हैं ऐसे में विद्यालय का यह कर्तव्य है कि वह विद्यार्थियों को इन्टरनेट पर सकारात्मक सामग्री ढूंढ़ने के लिए प्रेरित करे ताकि उनके प्रयासों को एक दिशा मिल सके। ''ई- समाचार पत्र का प्रकाशन इस दिशा में एक अच्छा कदम है साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अच्छी पहल होगी ।

मुझे आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका अपने सभी उद्देश्यों में पूर्ण होगी। मैं ''ई- समाचार पत्र के प्रकाशन से जुड़े सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ।

टी के पंडा
( टी.के.पण्डा )
महाप्रबंधक

आयुध निर्माणी मुरादनगर Ordnance Factory Muradnagar
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
(आयुध निर्माणी बोर्ड की इकाई)
Govt. of India, Ministry of Defence
(A unit of Ordnance Factory Board)
OFB

Date: 10.07.2021

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय, मुरादनगर द्वारा "ई- पत्रिका 2021-22" का प्रकाशन किया जा रहा है। कोविड काल में ई- पत्रिका का प्रकाशन एक सार्थक प्रयास है।

विद्यालय, पत्रिकाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को संवेदनशील नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों में रचनात्मक गुणों का विकास करता है और उनमें अभिव्यक्ति के बीज अंकुरित करता है ।

विद्यालय में चल रही गतिविधियों से छात्रों की सृजनात्मकता को बढ़ावा मिले, मैं ऐसी कामना करता हूँ। मैं ई- पत्रिका से जुड़े सम्पादक मण्डल को इसके सफल प्रकाशन हेतु बधाई देता हूँ ।

(पवन जीत सिंह)
कार्यशाला प्रबन्धक

आयुध निर्माणी मुरादनगर, उत्तर प्रदेश - 201206
Phone No. 01232 - 228910-13 (4 lines), Fax 01232 - 228550
Ordnance Factory Muradnagar, U.P. - 201206
email: ofm.ofb@nic.in

# संदेश

वर्तमान शैक्षिक सत्र की तीसरी तिमाही के ई-समाचार पत्र का विमोचन करना अत्यंत हर्ष और सम्मान की बात है। इस समाचार पत्र में हमारे नवोदित सितारों की रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने के लिए एक 'विजन' है। विद्यालय में आयोजित इन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त कर रहे है। यह अनुभव उनके जीवन के सर्वांगीण विकास में सहायक रहेगा। मैं आशा करता हूं कि यह समाचार पत्रिका अपने सभी उद्देश्यों को प्राप्त करने में पूर्ण रूप से सफल होगी। मैं इस ई-समाचार पत्र के प्रकाशन से जुड़े सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के लिए ढ़ेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ।


**श्री विजय पाल सिंह**
**प्राचार्य**
**केन्द्रीय विद्यालय, मुरादनगर**

# जागृत नागरिक कार्यक्रम

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को पूरा करने के लिए राम कृष्ण मिशन की एक पहल है कि शिक्षा से छात्रों में आत्मश्रद्धा या आत्म-विश्वास की गहरी भावना पैदा होनी चाहिए, जिससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद मिले और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाया जा सके। केन्द्रीय विद्यालय संगठन लंबे समय से अपने छात्रों के लिए एसीपी कार्यक्रमों को लागू करने में राम कृष्ण मिशन के साथ भागीदारी कर रहा है। पिछले वर्षों की तरह मुरादनगर का केन्द्रीय विद्यालय साल भर चलने वाले कार्यक्रम को कवर करने के लिए कक्षाओं का संचालन कर रहा है। यह कार्यक्रम सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए लागू किया गया है ताकि एक जागृत नागरिक बनने के बीज वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर जाने पर गहराई से बोए जा सकें। दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में प्रत्येक वर्ग के पंद्रह मॉड्यूल पूरे हो चुके हैं। सरकार द्वारा जारी एसओपी के अनुसार कार्यक्रमों को ऑफलाइन/ ऑनलाइन लागू किया जा रहा है।

# गांधी जयंती कार्यक्रम

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में गांधी जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो को जीवनपर्यंत पालन करना चाहिए तथा देश के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।



# गांधी जयंती कार्यक्रम














# फिट इंडिया प्लॉगिंग रन
















# मनोदर्पण मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह

दिनांक 4 अक्टूबर 2021 से 10 अक्टूबर 2021 तक केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में मनो दर्पण मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया।









# जल संरक्षण हेतु अभिभावक-अध्यापक मीटिंग

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 5 अक्टूबर 2021 को अभिभावक अध्यापक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में जल संरक्षण के अनेक उपायों पर चर्चा की गई।










# ग्लोबल हैंड वॉश डे

ग्लोबल हैंड वॉश डे का हर वर्ष 15 अक्टूबर का आयोजन किया जाता है। इस कोरोना काल में हाथ धोने का महत्व काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में ग्लोबल हैंड वॉश डे का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि कोरोना महामारी के बीच सरकार के कोरोना बचाव के नियमों का हम सब को भली-भांति पालन करना चाहिए। आज लोग हाथ धुलते हैं, लेकिन हाथ धुलने के तरीके के बारे में भी अनजान है हमें हाथ धुलते समय बहुत सावधानी रखनी चाहिए और हाथ धोने के सही तरीकों से हमें अवश्य अवगत रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को हाथ धोने के विभिन्न उचित तरीकों से अवगत कराया गया।

# ग्लोबल हैंड वॉश डे


HANDWASHING


Be A Germ Buster
Wet
Wet your hands under water.
Rinse
Rinse your hand with water & don't forget to close the tap after use.
Soap
Apply the Soap.
Scrub
Dry
Dry your hands using clean towel.
Global


Hand Wash Day


The Right way to wash hands with step by step
Step 1
Use Soap
Step 2
Plam to Plam
Step 3
Back to Hands
Step 5
Wrists
Step 6
Rins hands
Step 7
Dry hands


THE SCHOOL 5
HOW TO WASH YOUR HANDS
Let's start. Wet your hands with clean water and apply soap
Rub hands together with bar soap to make a lather & scrub every area
continue rubbing your hands don't forget palms, back of hands and b/w fingers.
Rinse your hands well under water
Dry your hands using a clean towel. Now your hands are safe.

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर के द्वारा 26 अक्टूबर से 01 नवंबर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का विषय: 'स्वतंत्र भारत @ 75: अखंडता के साथ आत्म निर्भरता' रहा। सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य लोक सेवकों के बीच सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार के अस्तित्व, कारणों और गंभीरता और समग्र रूप से समाज के लिए इसके द्वारा उत्पन्न खतरे के बारे में जागरूकता पैदा करना है। विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भविष्य में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता जैसे गुणों के साथ अपने जीवन को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह















# वृक्षारोपण कार्यक्रम















# पानी बचत / सिंगल यूज प्लास्टिक










# राष्ट्रीय एकता दिवस

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह समेत शिक्षकों ने लौह पुरुष को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राचार्य ने शिक्षकों व छात्रों से देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही सरदार पटेल के एकीकृत एवं अखंड भारत के निर्माण किए गए अतुलनीय प्रयत्नों पर प्रकाश डाला।










# साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह















# 75 लाख पोस्टकार्ड अभियान



















# वार्षिक विद्यालय निरीक्षण


दिनांक 15 नवंबर 2021 को श्री चंद्रशेखर आजाद (उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय आगरा संभाग) के नेतृत्व में 7 सदस्यी दल के द्वारा विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें उपायुक्त महोदय द्वारा विद्यालय के विकास कार्यों पर चर्चा की गई तथा शिक्षा की गुणवत्ता हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।



# वार्षिक विद्यालय निरीक्षण












# नदी उत्सव

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में नमामि गंगे के तहत नदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह के द्वारा किया गया। संगीत शिक्षिका श्रीमती दर्शना भट्ट के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने विद्यार्थियों को नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया साथ ही विद्यार्थियों से नदी संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्वच्छता हेतु एकजुट होकर प्रयास करने की बात कही। विद्यालय में इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए जिसमें नदियों की स्वच्छता के लिए जनसमाज का आह्वान किया गया।

# नदी उत्सव


RIVER FESTIVAL 2021


RIVER FESTIVAL 2021


केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर
गाजियाबाद (उ.प्र.) पिन कोड : 201206
KENDRIYA VIDYALAYA ORDNANCE FACTORY MURADNAGAR
RIVER FESTIVAL 2021
KENDRIYA VIDYALAYA


केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर
गाजियाबाद (उ.प्र.) पिन कोड : 201206
KENDRIYA VIDYALAYA ORDNANCE FACTORY MURADNAGAR




गाजियाबाद (उ.प्र.) पिन कोड : 201206
ENDRIYA VIDYALAYA ORDNANCE FACTORY MURADNAGAR

# नदी उत्सव


REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA








केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर
गाजियाबाद (उ.प्र.) पिन कोड : 201206
KENDRIYA VIDYALAYA ORDNANCE FACTORY MURADNAGAR
Contact : 01232-298808


गाजियाबाद (उ.प्र.) पिन कोड : 201206
KENDRIYA VIDYALAYA ORDNANCE FACTORY MURADNAGAR

# केंद्रीय विद्यालय स्थापना दिवस

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में दिनांक 15 दिसंबर 2021 को केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा ली। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा केंद्रीय विद्यालय गीत गाया गया। विद्यालय की शिक्षिका स्वाति कौशिक पीजीटी इंग्लिश ने केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा आठवीं की मनु त्यागी ने स्थापना दिवस के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम कड़ी के रूप में गुजराती गरबा की प्रस्तुति विद्यालय की छात्राओं द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी को संबोधित किया और हमारे कर्तव्य और नैतिक मूल्यों के प्रति हम सभी को जागरूक करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।



# केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस















# स्वच्छ गंगा मिशन चित्रकला प्रतियोगिता












# कला उत्सव


केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर
KENDRIYA VIDYALAYA O F MURADNAGAR
कला उत्सव
KALA UTSAV
25 & 26 October 2021











# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर परिसर में 11 नवंबर 2021 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने प्रथम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्राचार्य ने बच्चों को मौलाना अबुल कलाम की जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों के आलावा छात्र-छात्राओं ने भी अपने अपने विचार प्रकट किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस












# आयुध निर्माणी प्रदर्शनी

आयुध निर्माणी मुरादनगर के द्वारा फैक्ट्री में निर्मित उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित उपकरणों की जानकारी प्राप्त की।

















# आजादी का अमृत महोत्सव

केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी मुरादनगर में प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह के निर्देशन में आजादी का अमृतमहोत्सव कार्यक्रम के तहत 21 अक्टूबर को आजाद हिंद फौज का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्राचार्य श्री विजय पाल सिंह ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर सबको बधाई दी और देश के तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को देशहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन हमारा व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है। इस पर हमारे समाज, समुदाय और देश का भी अधिकार है । हम सबको देशहित में निरंतर विचार करना चाहिए और ऐसे कार्य करना चाहिए, जिससे देश की प्रतिष्ठा, एकता और अखंडता बढ़े।




# आजादी का अमृत महोत्सव





















# महत्वपूर्ण वीडियो लिंक

## तिमाही में आयोजित कार्यक्रमों की वीडियो लिंक :-

### * गांधी जयंती कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1FRFZBv2LuGxqafDKf2tWy4KV9B1qnlb7/view?usp=drivesdk

### * राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1K3aereeGYw0SQgvLq5pf3BcJ__kI0wLe/view?usp=drivesdk

### * सांप्रदायिक सद्भाव कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1K05bKfWjl6YhstrJPut0l7zjlxQ0W3bv/view?usp=drivesdk

### * नदी उत्सव कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1KUN08wQL_A6L-Zll0iCbvkE3_-FK1UCF/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1K3dvIf0eFtbc3ptt46VtWzBLskY7lvYy/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1KjGzlaZGUUOljnCLbBhOgMP6gxGFh3EV/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1KwVM_8y1use9dCfO3-r-hJg0CAwuSm4w/view?usp=drivesdk

## * केंद्रीय विद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1LL8zgG3yrvNz-lgyR9wp_b7rIcH61IPo/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1LInyc-1HHKyI6fXBQtI9235fwJlqjTGO/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1LGcZLHCCmm2RdguUJY-mFfhQjvGdEMB3/view?usp=drivesdk

## * आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम :-

https://drive.google.com/file/d/1IB9MlWOalPqOic7ywelNbUU3V9YZVZEN/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1JjHc4idEYZZhJiCaMIepfFb8TddoYCN6/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1JuxaWzCV__0Uiug4OcJp_xT1FFKmvUHj/view?usp=drivesdk

https://drive.google.com/file/d/1Jr0Gv-4eDiJH6L2sUxO5JDSEs0QDn2mc/view?usp=drivesdk

# धन्यवाद